**Seventeenth Loksabha**

an>

Title: Regarding setting up of a branch of Nationalised Bank in Bamorekalan in Guna Parliamentary Constituency, Madhya Pradesh.- Laid

**श्री कृष्णपालसिंह यादव (गुना)**: मेरे लोक सभा क्षेत्र गुना के अंतर्गत आने वाले बमौरकलां थाना क्षेत्र और आस पास के गाँव की आबादी 50 हज़ार से अधिक है और करीब 33 पंचायतों में लेनदेन बमौरकलां बाजार से किया जाता है । नगरीय क्षेत्र होने के कारण किसानों की अच्छी उपज भी होती है जिसके परिणामस्वरूप उनका बैंक के माध्यम से लेनदेन भी होता है । 25 वर्षों से यहाँ कोई भी राष्ट्रीयकृत बैंक या एटीएम के अभाव के कारण क्षेत्र के लोगों को परेशानी होती है, जिसमे प्रमुख रूप से व्यापारी, दुकानदार और रिटायर्ड पेंशनधारी है जिनको पैसे निकालने के लिए खनियांधाना या चंदेरी जाना पड़ता है, जो कि क्षेत्र से 20 किलोमीटर दूर है । इस क्षेत्र के वासियों को बैंक के काम के लिए घंटों प्रतीक्षा करनी पड़ती है और इसके कारण व्यापारियों को नुकसान होता है । इसके अतिरिक्त बुजुर्ग पेंशनधारियों को सबसे ज़्यादा असुविधा होती है क्योंकि उन्हें अकेले यात्रा करनी पड़ती है । मेरा सरकार से विनम्र निवेदन है कि बमौरकलां में तत्काल एक राष्ट्रीयकृत बैंक की शाखा के संचालन की स्वीकृति दी जाए जिससे इस क्षेत्र के व्यापारी, पेंशनधारी और निवासियों को **इन** सुविधाओं से वंचित ना रहना पड़े और सरकार द्वारा योजनाओं का लाभ भी बैंकों के माध्यम से आम आदमी को प्राप्त हो जो हमारे प्रधानमंत्री जी का लक्ष्य है ।